श्याम हमारे मुरली मनोहर,
नैया हमारी तू पार लगा दे,
तेरे सिवा ना कोई हमारा,
नैया हमारी तू पार लगा दे ।।

तर्ज और इस दिल में ।

खड़ा हूँ दर पे तेरे,
बनके आया भिखारी,
खाली ना लौट जाऊं,
सुनलो हे श्याम बिहारी,
दिखला दे तू जग वालो को,
तू है मेरे साथ,
तू है मेरे साथ,
आजा कन्हैया बनके खिवैया,
नैया हमारी तू पार लगा दे ।।

फरेबी दुनिया सारी,
महलों में रास रचाए,
तेरे ये सेवक बाबा,
क्यूँ दर दर ठोकर खाए,
थाम ले मुझको अब बाहों में,
मत करना इंकार,
मत करना इंकार,
तेरे भरोसे छोड़ा जमाना,

नैया हमारी तू पार लगा दे।।

कहती है दुनिया सारी,
तुझे हारे का सहारा,
बाबा तेरे भरोसे,
चले परिवार हमारा,
राघव को क्या लेना जग से,
जब है तेरा साथ,
जब है तेरा साथ,
दर ये तुम्हारा आखरी किनारा,
माही की नैया पार लगा दे,
नैया हमारी तू पार लगा दे।।

श्याम हमारे मुरली मनोहर,
नैया हमारी तू पार लगा दे,
तेरे सिवा ना कोई हमारा,
नैया हमारी तू पार लगा दे।।

Singer Raghav Dadhich

Source: https://www.bharattemples.com/shyam-hamare-murali-manohar/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw